

मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 37
अंक : 109
भोपाल, सोमवार
08 जून 2026
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

03 भागवत कथा श्रवण से मिटते हैं दु:ख-दर्द, संसार का होता...

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com

अजय का आकर्षक अर्धशतक, रितिक और संजोग की... 06

## संक्षिप्त समाचार

### अयोध्या में 1 लाख का इनामी बदमाश भानु प्रताप सिंह मुठभेड़ में ढेर

नई दिल्ली। अयोध्या में रविवार देर रात महाराजगंज थाना क्षेत्र में एसटीएफ ने कुख्यात बदमाश व कॉन्ट्रैक्ट किलर भानु प्रताप सिंह को मुठभेड़ में मार गिराया है। बदमाश पर एक लाख का इनाम था। जानकारी के अनुसार रविवार देररात मुठभेड़ के बाद भानू को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मुठभेड़ के बाद भानू को अस्पताल ले जाया गया। जहां मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने एक लाख के इनामी बदमाश भानु प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया है। यह मुठभेड़ इंस्पेक्टर जेपी राय के नेतृत्व वाली एसटीएफ टीम के साथ हुई थी। एक्सक्लूसिव जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ में घायल होने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बदमाश भानू प्रताप सिंह पर आजमगढ़ से 1 लाख, अंबेडकरनगर से 50 हजार और गोरखपुर से 15 हजार के इनामी इस कॉन्ट्रैक्ट किलर पर 40 से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज थे।

### मध्यप्रदेश में थाना प्रभारियों का होगा मंथली एग्जाम

भोपाल। मध्यप्रदेश में अब सभी थाना प्रभारियों का एक मासिक एग्जाम होगा। जिसमें 22 अलग-अलग पुलिसिंग के मानकों पर ग्रेडिंग की जाएगी। इसमें अगर तीन बार फेल हुए तो उनसे थाने का प्रभार छीन लिया जाएगा। भोपाल कमिश्नररेट में यह व्यवस्था इसी महीने से लागू की जाएगी। जिसके लिए पुलिस विभाग ने 22 विषयों का एक ग्रेडिंग सिस्टम तैयार किया है। यह एग्जाम कुल 100 अंकों का होगा। भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा तैयार किए गए मूल्यांकन मॉडल का उद्देश्य थानों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढ़ना, क्राइम कंट्रोल, लंबित कार्रवाई तेजी लाना है। एग्जाम के दौरान थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, वारंट तमिली, NDPS, आर्म्स एक्ट की कार्रवाई पर अंक मिलेंगे।

### दिल्ली में शुरू होगी 'दुर्गा ई-ऑटो योजना', महिलाओं को मिलेगा रोजगार

नईदिल्ली। दिल्ली सरकार राजधानी की महिलाओं और किन्नर समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। बजट में घोषित 'दुर्गा ई-ऑटो योजना' को जल्द शुरू किया जाएगा। योजना के तहत पात्र महिलाओं और किन्नरों को ई-ऑटो उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।

### उड़ता तीर





## अंतर्मना उवाच

**सफ़र भी छूट जायेगा, शहर भी छूट जायेगा, जहाँ जन्म लिया था तुमने, वह गाँव-नगर भी छूट जायेगा.. जिस आँगन में खेले-कूदे, गिरे-संभले, जिसे छोड़ने की कभी कल्पना भी न की थी.. वह घर-परिवार भी एक दिन छूट जायेगा..!**

इसलिए --

- धन की सार्थकता तभी है, जब धर्म के साथ धनार्जन हो।
- संपत्ति की सार्थकता तभी है, जब रिश्ते न टूटें, परिवार न बिखरे।
- विशिष्टता तभी सार्थक है, जब व्यवहार में नैतिक शिष्टता हो।
- रूप की सुंदरता तभी सार्थक है, जब चारित्र शुद्ध हो।



संत भवन, कुशलगढ जिला, बाँसवाडा (राज)। कडक धूप, भीष्ण गर्मी, 42डिग्री तापमान में 60 मिनिट का उत्कृष्ठ तप करते तपस्वी सम्राट अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज

- मंदिर जाना और धर्म करना तभी सार्थक है, जब हृदय में करुणा और दया का भाव बढ़े।
- व्यापार तभी सार्थक है, जब वाणी और व्यवहार मधुर हो।
- ज्ञानी होना तभी सार्थक है, जब ज्ञान के अनुरूप आचरण हो।
- ख्याति, नाम और कीर्ति तभी सार्थक हैं, जब अहंकार सिर पर न चढ़े।
- बुद्धि तभी सार्थक है, जब उसके उपयोग में विवेक हो।
- अतिथि बनना तभी सार्थक है, जहाँ सम्मान और अपनापन हो।
- रिश्ते तभी सार्थक हैं, जब आपस में विश्वास हो।

**कभी-कभी अधिक परखने से, अच्छे-अच्छे रिश्ते भी दरक जाते हैं...!!!**

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

## अमृत दर्शन से शुक्ला ने कहा- पब्लिसिटी में मेरा विश्वास नहीं

# IPS मिनी शुक्ला की भोपाल ज्वाइनिंग इसी सप्ताह



भोपाल ■ सुरेन्द्र शर्मा

प्रदेश के अन्य जिलों की अपेक्षा राजधानी में नौकरी करना प्रशासनिक अफसरों के लिये आसान नहीं होता है। ऐसा इसलिये क्योंकि शासन और प्रशासन के मुखिया राजधानी में ही रहते हैं और जबाबदारियां काफी अधिक रहती है। विगत दिनों प्रशासनिक फेर बदल के चलते राजगढ़ से आईपीएस मिनी शुक्ला का भोपाल ट्रांसफर कर उन्हें यहां जोन क्र.3 अति. पुलिस उपायुक्त पद पर पदस्थ किया गया है। राजधानी में ज्वाइनिंग कब करेगी, प्राथमिकताएं क्या होगी, वैसे भी आप पहले से ही पुलिस पृष्ठ भूमि की है इसलिये क्या कुछ खास करेगी।

अमृत दर्शन के इन प्रश्नों पर आईपीएस मिनी शुक्ला ने कहा देखती हूं 5-6 दिन में ज्वाइनिंग करूंगी। पब्लिक सिटी में विश्वास नहीं रहता। बेहद सालीनता के साथ कम शब्दों का उपयोग करते हुए मिनी शुक्ला ने अपनी पूरी बाते कही। जोन क्र.3 में अति. पुलिस उपायुक्त के मिनी शुक्ला काफी कुछ करना पड़ेगा क्योंकि इस जोन में 8 थाने कोतवाली, हनुमानगंज, गौतमनगर, शाहजहांनाबाद, स्टेशन बजरिया, टीलाजमालपुरा ऐशबाग और मंगलवारा है। बजरिया व मंगलवारा को छोड़ बाकी सभी थाने संवेदनशील माने जाते हैं। जहां जरा सी अफवाह या मामूली घटना कानून के व्यवस्था के लिये चुनौती बनने में देर नहीं करती है।

वैसे तो मिनी शुक्ला काफी स्ट्रांग है इनके परिवार की पृष्ठभूमि पुलिस की रही है 2022 बैच की मध्यप्रदेश कैडर की अधिकारी हैं इनके दादा एस.एस. शुक्ला प्रदेश के एडीजी रह चुके हैं उनकी बहन प्रियंका शुक्ला भी आईपीएस थी जानकारों के पत्रकारिता से पुलिस सेवा तक पहुंचने में मिनी शुक्ला कड़ा संघर्ष किया है। राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में एसडीओपी के रुप में कार्यरत है। शुरूआती दौर में उन्होंने उज्जैन में एसडीओपी के दौर पर काम संभाला।

**यूपीएससी शानदार रैंक:** उन्होंने लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2021 में अपने तीसरे प्रयास में अखिल भारतीय स्तर पर 96वीं रैंक हासिल की थी।

**शुक्ला परिवार के अफसर: एक नज़र में**

| नाम | पद / कैडर | परिवार में रिश्ता / कनेक्शन |
|---|---|---|
| एस.एस. शुक्ला | रिटायर्ड ADGP | दादा (परिवार के पहले अफसर) |
| शशिकांत शुक्ला | DIG, मध्य प्रदेश | डॉ. ओपी शुक्ला के बेटे (भतीजे) |
| मोनिका शुक्ला | DIG, मध्य प्रदेश | शशिकांत शुक्ला की पत्नी |
| प्रियंका शुक्ला | IPS (2019 बैच) | मिनी शुक्ला की बड़ी बहन (पोती) |
| मिनी शुक्ला | IPS (2022 बैच) | प्रियंका शुक्ला की छोटी बहन (पोती) |
| सुमित पांडे | IAS (2021 बैच) | मिनी शुक्ला के पति (दामाद) |
| प्रमोद तिवारी | IRTS | प्रियंका शुक्ला के पति (दामाद) |

## महेश केवट को भगवान राम का आशीर्वाद मिला, सीएम ने कहा- तीनों सीटें जीतेंगे

# केवट और मीनाक्षी ने विस में नामांकन दाखिल किया



सीएम निवास भोपाल में विधायक दल की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें राज्यसभा के प्रत्याशी महेश केवट का परिचय हुआ। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं विधायक दल महामंत्री शैलेन्द्र जैन सहित विधायकगण उपस्थित रहे।



कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन ने राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में आज नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा की ओर से तीसरे प्रत्याशी महेश केवट ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह, अरविंद भदौरिया और प्रहलाद पटेल भी मौजूद रहे।

नामांकन भरने से पूर्व राज्यसभा प्रत्याशी महेश केवट में भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित मंदिर में पूजन अर्चन किया।

इससे पहले कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन ने नामांकन दाखिल किया। मध्य प्रदेश की तीसरी राज्यसभा सीट अब केवल एक संसदीय चुनाव नहीं, बल्कि भाजपा और कांग्रेस के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बन चुकी है। भाजपा ने अंतिम समय में मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश केवट को उम्मीदवार बनाकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है, जबकि कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन को मैदान में उतारा है।

इस चुनाव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि विधानसभा में स्पष्ट बहुमत रखने के बावजूद भाजपा तीसरी सीट के गणित में फंसी हुई नजर आ रही है। पार्टी को जीत के लिए अतिरिक्त वोटों की जरूरत होगी।

राजनीतिक जानकारों की नजर अब केवल नामांकन पर नहीं, बल्कि वोटों के उस गणित पर है जो चुनाव परिणाम तय करेगा। भाजपा के पास दो सीटें जीतने लायक पर्याप्त संख्या है, लेकिन तीसरी सीट के लिए उसे विपक्षी खेमे से समर्थन या क्रॉस वोटिंग की जरूरत पड़ेगी। दूसरी ओर कांग्रेस के पास संख्या बल के आधार पर बढ़त दिखाई दे रही है। यही वजह है कि पार्टी अपने विधायकों को एकजुट रखने की रणनीति पर काम कर रही है।

मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव में तीसरी सीट को लेकर सियासी मुकाबला और तेज हो गया है। भाजपा उम्मीदवार महेश केवट के नामांकन के बाद मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि महेश केवट को भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त है और भाजपा राज्यसभा की तीनों सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी ने पूरी रणनीति और विश्वास के साथ तीसरी सीट पर उम्मीदवार उतारा है।

# कांग्रेस को झटका, नरेश ज्ञानचंदानी ने दिया इस्तीफा

भोपाल ■ अमृत दर्शन



हुजूर विधानसभा सीट से दो बार उम्मीदवार रहे सीनियर लीडर नरेश ज्ञानचंदानी ने कांग्रेस को ई-मेल के जरिए इस्तीफा भेज दिया है।

मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीसरी सीट के लिए 4 जून को कांग्रेस से मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार घोषित किया था। जिसके बाद पूर्व उम्मीदवार नरेश ज्ञानचंदानी ने एक्स पर पोस्ट कर मीनाक्षी नटराजन की उम्मीदवारी से सीट को अनसेफ बताया था। जिसके बाद से कांग्रेस के आला कमान उनसे नाराज चल रही थी। इस पोस्ट को लेकर कांग्रेस उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी कर रही थी। इससे पहले उन्होंने इस्तीफा भेज दिया। हुजूर सीट से पूर्व उम्मीदवार नरेश ज्ञानचंदानी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को ई-मेल से भेजे इस्तीफे में लिखा है कि मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं, कृप्या तत्काल मंजूर करें। मैंने सिर्फ राहुल गांधी तक बात रखने के लिए एक्स पर पोस्ट किया था।

सीनियर लीडर ज्ञानचंदानी ने आगे कहा कि मैंने कोई मीडिया में बयान नहीं दिया और न सोशल मीडिया में वीडियो या बयान पोस्ट किया। वैसे भी समय-समय पर राहुल गांधी को पार्टी हित मैं पोस्ट करता आ रहा हूं।

## 'ईरान से तुरंत निकलो, हमारे आदेश का इंतजार मत करें...'

# दोबारा युद्ध शुरू होने पर भारत ने एडवाइजरी जारी की

नई दिल्ली ■ एजेंसी

ईरान-इजराइल युद्ध एक बार फिर से भड़क गया है। लेबनान में हिजबुल्लाह पर इजराइली हमले का जवाब देते हुए ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमला किया। ईरान के हमले पर ईजराइल के करारा पलटवार करते हुए राजधानी तेहरान समेत 4 शहरों पर मिसाइलों की बौछार कर दी। इजरायल के हमले में ईरान के कई सैन्य अड्डे तबाह हो गए।



ईरान और इजराइल के बीच दोबारा युद्ध शुरू होने पर भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एजवाइजरी जारी की है। भारत ने कहा कि हमारे आदेश का इंतजार मत करें। तुरंत ईरान से निकलें। ईरान की राजधानी तेरहान में स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एजवाइजरी जारी करते हुए कहा कि हाल की घटनाओं को देखते हुए, एम्बेसी ने सभी भारतीय नागरिकों को अपनी पहले दी गई सलाह दोहराई है कि वे ईरान की यात्रा न करें।

एडवाइजरी में कहा गया है कि इस समय ईरान में रह रहे सभी भारतीय जो भी साधन मौजूद हों, उनका इस्तेमाल करके तुरंत देश से बाहर निकल जाएं. ईरान ने रविवार की देर रात इजरायल पर हमले कर दिए थे। इसके जवाब में इजरायल ने भी ईरान के कई शहरों को निशाना बनाया है। इजरायल ने वॉरशिप्स और बैलेस्टिक मिसाइलों से तेहरान, इस्फहान, तबरीज समेत कई इलाकों में अटैक किया। मलों के बाद ईरान ने राजधानी तेहरान के इमाम खोमैनी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के आसपास का एयरस्पेस बंद कर दिया।

## म्यांमार-बांग्लादेश बॉर्डर पर ईडी का बड़ा एक्शन

# ड्रग नेटवर्क और 140 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय ने आज एक ऑपरेशन के तहत बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत म्यांमार से जुड़े ड्रग नेटवर्क और 140 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार ठिकानों पर छापेमारी की है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा यह छापेमारी रविवार सुबह मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में एक साथ की गयी है। यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित धन



को शेल कंपनियों और बैंक खातों के जरिए विदेश भेजने के आरोपों से जुड़ी है।

मादक पदार्थों से जुड़ा अंतरराष्ट्रीय मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क और 142 करोड़ से ज्यादा संदिग्ध लेनदेन मामले में देश के अलग-अलग राज्यों में छापेमारी के तहत कई गिरफ्तारियां हुई है।

## दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर आंधी से 'तबाही'

# एयर इंडिया के 3 विमान क्षतिग्रस्त

नई दिल्ली ■ एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में आई तेज आंधी और बारिश का असर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी देखने को मिला। रविवार शाम तेज़ हवाओं और बारिश के बाद, दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़े एयर इंडिया के तीन विमानों से ग्राउंड सपोर्ट उपकरण टकरा गए, जिससे वहां अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई। यह घटना इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 के पास स्थित पार्किंग क्षेत्र में शाम लगभग 4:40 बजे हुई। खराब मौसम



के कारण टर्मिनल-2 पर खड़े एयर इंडियाके 3 विमान एयरपोर्ट पर रखे ग्राउंड सपोर्ट उपकरणों की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए।

जानकारी के अनुसार, तेज हवाओं और बारिश के दौरान एयरपोर्ट परिसर में मौजूद कुछ उपकरण अपनी जगह से खिसक गए और पार्किंग बे में खड़े विमानों से टकरा गए।

## राज्यसभा चुनाव

# खेला करने के मूड में भाजपा, उतारा तीसरा उम्मीदवार



भोपाल ■ जगत शर्मा

भाजपा मध्य प्रदेश ने राज्यसभा चुनाव के लिए महेश केवट को तीसरा प्रत्याशी घोषित कर राज्य में क्रॉस वोटिंग और कड़े मुकाबले का नया राजनीतिक समीकरण बना दिया है। तीसरी सीट पर भाजपा के इस दांव के बाद राज्य का पूरा चुनावी गणित बदल गया है, जिससे कांग्रेस के लिए अपनी सीट बचाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

### विधानसभा का मौजूदा गणित — मध्य-प्रदेश विधानसभा में दलीय स्थिति

- **भाजपा की सीटें:** 164 या 165 विधायक वर्तमान में भाजपा के पाले में है जिसमें कांग्रेस की बीना विधायक निर्मला सप्रे को भी गिना जा सकता है, क्योंकि वह लम्बे समय से पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रही है तथा भाजपा से उनकी नजदीकियां जगजाहिर है।
- **कांग्रेस के विधायक:** 63 या 64 विधायक अभी कांग्रेस में गिने जा सकते हैं, हालांकि निर्मला सप्रे की तरह कुछ और विधायक अंदरुनी तौर पर भाजपा के संपर्क में हों इससे इंकार नहीं किया जा सकता।
- **भारत आदिवासी पार्टी:** वहीं आजाद भारत पार्टी का एक ही विधायक है जो किसके साथ जायेगा इसका कोई भरोसा नहीं है। इसके अलावा दतिया से कांग्रेस के विधायक रहे राजेंद्र भारती को एमपी एमएलए कोर्ट से 3 वर्ष की सजा मिलने के बाद विधानसभा महासचिव ने आयोग घोषित कर दिया है ,तथा चुनाव आयोग को इस संदर्भ में जानकारी भेज दी है। इसलिए अब देखा जाए तो मध्य प्रदेश विधानसभा में वर्तमान में 229 विधायक हैं।

वहीं दूसरी ओर राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 58 प्रथम वरीयता मतों की आवश्यकता है।

### बदलते राजनीतिक समीकरण

- **भाजपा की दो सीटों पर जीत, तीसरी पर पेंच :** अपने संख्याबल के आधार पर भाजपा के दो आधिकारिक उम्मीदवार—राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग और प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल—आसानी से निर्वाचित हो जाएंगे। दो उम्मीदवारों को जिताने (116 वोट) के बाद भी भाजपा के पास लगभग 47-48 सरप्लस (अतिरिक्त) वोट बचते हैं।
- **क्रॉस वोटिंग का खतरा और 'खेला' की आशंका :** भाजपा को अपने तीसरे उम्मीदवार महेश केवट को जिताने के लिए कम से कम 8 से 10 अतिरिक्त मतों की जरूरत होगी। भाजपा की नजर कांग्रेस के असंतुष्ट विधायकों और क्रॉस वोटिंग पर है। वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय पहले ही कह चुके हैं कि तीसरा प्रत्याशी उतरने पर उसे जिताने की पूरी कोशिश की जाएगी।
- **कांग्रेस में अंदरूनी असंतोष :** कांग्रेस ने पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन को अपना उम्मीदवार बनाया है। राजनीतिक गलियारों के अनुसार, दिग्विजय सिंह खेमे के साथ साथ कमलनाथ जैसे दिग्गजों को दरकिनार कर मीनाक्षी नटराजन को टिकट देने से कांग्रेस के भीतर अंदरूनी कलह और घमासान की स्थिति बनी हुई है, जिसका फायदा भाजपा उठाना चाहती है।
- **कांग्रेस कर रही विधायकों की बाड़ेबंदी की तैयारी :** कागजी तौर पर कांग्रेस के पास 63-64 विधायक हैं, जो जीत के कोटे (58) से अधिक हैं। हालांकि, टूट के डर से कांग्रेस हाईकमान अलर्ट हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, विधायकों को एकजुट रखने के लिए कांग्रेस उन्हें तेलंगाना या कर्नाटक जैसे कांग्रेस शासित राज्यों में शिफ्ट (बाड़ेबंदी) करने की रणनीति बना रही है।
- **जातीय समीकरण साधने का प्रयास :** भाजपा ने मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश केवट को उतारकर पिछड़े वर्ग (OBC) और अति पिछड़ी जातियों को साधने का बड़ा कार्ड खेला है। यह दांव कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति का हिस्सा है। अब मुकाबला सीधे तौर पर भाजपा के महेश केवट बनाम कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन के बीच बेहद दिलचस्प और कड़ा हो गया है, जिसमें चुनावी नतीजे विधायकों की वफादारी और क्रॉस वोटिंग पर निर्भर करेंगे।

# कल आसमान में होगा 'ग्रहों का महामिलन', उंगली के फासले पर दिखेंगे शुक्र और बृहस्पति

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

8 से 10 जून के बीच शाम को पश्चिमी आकाश में शुक्र और बृहस्पति ग्रह एक-दूसरे के बेहद करीब दिखाई देंगे। 9 जून को दोनों ग्रहों का सबसे करीबी कंजंक्शन होगा। इस दुर्लभ खगोलीय घटना को बिना टेलीस्कोप के भी आसानी से देखा जा सकेगा।

अंतरिक्ष प्रेमियों और खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए यह सप्ताह खास होने वाला है। 8 से 10 जून के बीच शाम के समय पश्चिमी आकाश में एक बेहद खूबसूरत और दुर्लभ खगोलीय घटना देखने को मिलेगी। इस दौरान सौर मंडल के दो सबसे चमकीले ग्रह- शुक्र (वीनस) और बृहस्पति (जुपिटर) एक-दूसरे के बेहद करीब नजर आएंगे।




**एक-दूसरे के करीब आते दिखाई देंगे 8 ग्रह:** राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त खगोल विज्ञान प्रसारक सारिका घारू के अनुसार, दोनों ग्रह 8 जून से एक-दूसरे के करीब आते दिखाई देंगे, जबकि 9 जून को उनका सबसे करीबी कंजंक्शन देखने को मिलेगा। खगोल विज्ञान की भाषा में कंजंक्शन उस स्थिति को कहा जाता है, जब पृथ्वी से देखने पर दो खगोलीय पिंड एक-दूसरे के बेहद नजदीक दिखाई देते हैं।

### पृथ्वी पर बनेगी ऐसी स्थिति

सारिका घारू ने बताया कि वास्तविकता में शुक्र और बृहस्पति के बीच करोड़ों किलोमीटर की दूरी है, लेकिन पृथ्वी से देखने पर इनकी स्थिति ऐसी बनेगी कि दोनों ग्रह लगभग साथ-साथ नजर आएंगे। 9 जून की शाम दोनों ग्रहों के बीच की कोणीय दूरी घटकर लगभग 1.5 से 1.6 डिग्री रह जाएगी। उन्होंने इसे समझाने के लिए बताया कि यदि कोई व्यक्ति अपना हाथ सीधा फैलाकर छोटी उंगली आसमान की ओर उठाए, तो दोनों ग्रह उस उंगली की चौड़ाई के भीतर दिखाई देंगे। यही कारण है कि यह खगोलीय घटना बेहद आकर्षक मानी जा रही है।

## यात्रियों को आकर्षित करने की नई पहल

# भोपाल मेट्रो में पहली बार डीजे पार्टी, सफर के साथ मनोरंजन का तड़का

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भोपाल मेट्रो में पहली बार आयोजित डीजे और मनोरंजन कार्यक्रम में करीब 100 लोगों ने हिस्सा लिया। मेट्रो प्रशासन की सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स पहल के तहत हुए इस आयोजन को यात्रियों को मेट्रो से जोड़ने की दिशा में एक नए प्रयोग के तौर पर देखा जा रहा है।

यात्रियों की संख्या बढ़ाने और मेट्रो को लोगों के बीच लोकप्रिय बनाने की दिशा में भोपाल मेट्रो में रविवार को अनोखी पहल देखने को मिली। पहली बार मेट्रो कोच के भीतर संगीत, डांस और मनोरंजन से जुड़ा सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। करीब 100 प्रतिभागियों ने मेट्रो के सफर को



पार्टी में बदल दिया और पूरे रूट पर गीत-संगीत का आनंद लिया।

**मेट्रो सफर बना मनोरंजन का मंच:** जरा हटके इवेंट्स और बॉस लेडी भोपाल के संयुक्त आयोजन में एम्स मेट्रो स्टेशन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रतिभागियों के लिए पहले विभिन्न मनोरंजक और फिटनेस आधारित गतिविधियां कराई गईं। इसके बाद सभी ने मेट्रो में सफर किया, जहां डीजे की धुनों पर युवाओं और महिलाओं ने जमकर उत्साह दिखाया।

**गेम्स और एक्टिविटी से हुई शुरुआत:** आयोजकों ने कार्यक्रम को केवल डांस तक सीमित नहीं रखा। स्टेशन परिसर में प्रतिभागियों के लिए आइस ब्रेकिंग सेशन, रिफ्लेक्स गेम्स, बॉल बैलेंस और अन्य गतिविधियां आयोजित की गईं। विजेताओं को उपहार और फूड कूपन भी दिए गए।

**पुराने-नए गीतों पर झूमे प्रतिभागी:** मेट्रो के भीतर बॉलीवुड, पंजाबी और पार्टी सॉन्ग्स का मिश्रण सुनाई दिया। सफर के दौरान प्रतिभागियों ने सेल्फी लीं, वीडियो बनाए और संगीत के साथ पूरे जोश से कार्यक्रम में हिस्सा लिया। एम्स स्टेशन से सुभाष नगर स्टेशन तक और वापसी के सफर में माहौल उत्सव जैसा बना रहा।

**सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स को मिला नया मंच:** आयोजकों का कहना है कि भोपाल मेट्रो की 'सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स' योजना से प्रेरित होकर इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सभी आवश्यक अनुमतियों और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आयोजन किया गया। मेट्रो प्रबंधन ने भी इसमें सहयोग दिया।

**यात्रियों को जोड़ने की कोशिश:** मेट्रो प्रशासन का मानना है कि ऐसी गतिविधियों से लोग सार्वजनिक परिवहन के प्रति आकर्षित होंगे। इसी उद्देश्य से मेट्रो में प्री-वेडिंग शूट, जन्मदिन समारोह और अन्य आयोजनों की अनुमति भी दी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि यह पहल शहर की बदलती जीवनशैली और नागरिकों की नई अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर शुरू की गई है।

# ट्विशा केस: फंदे की पहचान करने वाले का रिकॉर्ड तक नहीं मिला

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा डेथ केस की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अब मामले की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। इस बीच, सीबीआई जांच से पहले हुई स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतका की सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह द्वारा जबलपुर हाईकोर्ट में पेश किए गए दस्तावेजों से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि जांच से जुड़े बेहद गोपनीय और अहम तथ्य पहले ही उन तक पहुंच रहे थे। इसी का फायदा उठाकर वह समय रहते अग्रिम जमानत लेने में कामयाब हो गई थीं, जिसे बाद में 27 मई को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था।

**शुरुआती जांच में पुलिस की बड़ी लापरवाही:** ट्विशा के परिजनों की ओर से भोपाल कोर्ट में पैरवी कर रहे एडवोकेट अंकुर पांडे का आरोप है





कि शुरुआत में ही मृतका की सास गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह को संदिग्ध माना जाना चाहिए था, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया। मामले से जुड़े दस्तावेजों के अनुसार, 13 मई 2026 की सुबह सब इंस्पेक्टर (SI) दिनेश शर्मा ने फंदे की रस्सी तो जब्त की, लेकिन लिखापढ़ी में उस व्यक्ति का स्पष्ट विवरण ही दर्ज नहीं किया गया जिसने रस्सी की पहचान की थी। इसके अलावा, उस महत्वपूर्ण रस्सी को तुरंत फॉरेंसिक जांच के लिए एम्स अस्पताल भेजने के बजाय सब इंस्पेक्टर ने अपनी निजी कार में रख दिया था और बाद में उसे जांच के लिए भेजा गया। इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसके अलावा, केस डायरी का हिस्सा रहे जब्ती से जुड़े दस्तावेज भी आरोपियों तक पहुंच गए थे। कानूनी नियमों के मुताबिक, उस समय समर्थ और गिरिबाला आरोपी नहीं थे, इसलिए उन्हें इन दस्तावेजों को देखने का कोई अधिकार नहीं था। इसके बावजूद अग्रिम जमानत याचिका के साथ इन गोपनीय दस्तावेजों को अदालत में दाखिल कर दिया गया, जिससे साफ है कि जांच की जानकारी लीक हो रही थी।

### मनोचिकित्सक से पूछताछ और मेडिकल पर्चे की जांच

केस को आगे बढ़ाते हुए सीबीआई की टीम ने अब ट्विशा का इलाज करने वाले प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉक्टर सत्यकांत त्रिवेदी से विस्तृत पूछताछ की है। दरअसल, आरोपी पक्ष ने भोपाल कोर्ट में कुछ ऐसे मेडिकल दस्तावेज पेश किए थे, जिनमें दावा किया गया था कि ट्विशा मानसिक रूप से परेशान थी और उसका मनोरोग का इलाज चल रहा था।

सीबीआई अब इन मेडिकल पर्चों की असलियत खंगाल रही है। जांच एजेंसी ने डॉक्टर से पूछा कि ट्विशा कब-कब इलाज के लिए आई थी, उसे क्या समस्याएं थीं और काउंसलिंग के दौरान उसने अपनी निजी जिंदगी को लेकर क्या बातें साझा की थीं। इस पूछताछ पर डॉक्टर सत्यकांत त्रिवेदी ने सीबीआई से संपर्क की पुष्टि की है, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीज की गोपनीयता और उसके अधिकारों को देखते हुए वह काउंसलिंग की व्यक्तिगत बातों का खुलासा सार्वजनिक रूप से नहीं कर सकते।

**पूर्व जज की सुरक्षा को लेकर जेल प्रशासन अलर्ट:** मामले में गिरफ्तारी के बाद 29 मई को रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह को भोपाल की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। शुरुआत में दोनों को जेल के अस्पताल वार्ड में वीआईपी ट्रीटमेंट मिलने के आरोप लगे थे, जिसके बाद जेल प्रबंधन ने उन्हें सामान्य बैरक में शिफ्ट कर दिया है। अदालत के निर्देश के बाद जेल में गिरिबाला सिंह की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

# हमीदिया अस्पताल परिसर स्थित प्रेरणा सेवा ट्रस्ट ने अपना 32वां स्थापना दिवस मनाया

### ट्रस्ट की स्थापना 7 जून 1994 को स्वर्गीय सरदार दयाल सिंह सलूजा की जन्म जयंती पर की गई थी

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

पिछले 32 वर्षों से ट्रस्ट अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों की निःस्वार्थ सेवा कर रहा है। ट्रस्ट द्वारा चाय-नाश्ता, दोनों समय का भोजन, दूध-दलिया, वस्त्र, दवाइयां, व्हीलचेयर, वॉकर, चिकित्सा जांच सहायता, रैन बसेरा, एंबुलेंस सेवा तथा मरीजों के परिवहन हेतु ई-रिक्शा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त परिसर में दो प्याऊ भी संचालित किए जा रहे हैं। रैन बसेरा में ठहरने वाले मरीजों के परिजनों को निःशुल्क नाश्ता एवं दोनों समय का भोजन भी उपलब्ध कराया जाता है।

स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राकेश मालवीय, प्रोफेसर, गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अध्यक्ष, मध्य प्रदेश मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन तथा डॉ. जीवन सिंह मीणा रहे। अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया।

अपने संबोधन में डॉ. मालवीया ने कहा कि प्रेरणा सेवा ट्रस्ट वर्षों से



जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों को संवेदनशील सहयोग प्रदान कर रहा है। शासकीय व्यवस्थाओं के अतिरिक्त जहां भी सहायता की आवश्यकता होती है, वहां ट्रस्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत रहने के समय से ही वे ट्रस्ट की सेवाओं को देखते आ रहे हैं और आज भी संस्था उसी समर्पण भाव से कार्य कर रही है।

इस अवसर पर समन्वय ग्रुप, भोपाल एवं दीनी वेलफेयर सोसायटी, औरंगाबाद (महाराष्ट्र) को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विजय कुमार जैन, कन्हैयालाल गोदानी, श्रीमती ललिता खाव्या, ताराचंद जैन एवं श्री जगजीत सिंह (पिंटे जी) को उनकी विशिष्ट एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए ट्रॉफी एवं सम्मान-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्टी शिव मोहन माथुर ने किया। माथुर ने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों को सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट की सचिव श्रीमती कमलदीप सलूजा ने आभार व्यक्त किया।

## अंडरवियर लेकर प्रदर्शन में पहुंचे ऑटो ड्राइवर, बोले- किराया बढ़े

# भोपाल के छावनी पठार में प्रदर्शन, पेट्रोल-सीएनजी बढ़ने का विरोध जताया

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की बढ़ी कीमतों के बाद अब टैक्सी-ऑटो चालक किराया बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। भोपाल में भी यह मांग उठ रही है। सोमवार सुबह रायसेन रोड स्थित छावनी पठार में कई ऑटो चालक इकट्?ठा हुए और अंडरवियर लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि ईंधन इतना महंगा हो गया है कि अंडरवियर खरीदने तक के रुपए नहीं है। इसलिए सरकार किराया बढ़ाए।

रायसेन रोड स्थित शनि मंदिर के पास आयोजित धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। ऑटो संगठन के



अध्यक्ष संजू अहिरवार ने बताया, यदि सीएनजी वाला ऑटो है तो उसमें एक दिन में 500 रुपए की गैस भरवाते हैं। इसके बदले 1200 रुपए का धंधा होता है। बाकी बचे 700 रुपए में से बचत, ऑटो की किश्त भी शामिल हैं। मुश्किल से 500 रुपए की नहीं बचते हैं। इसलिए ऑटो का किराया बढ़ाने की मांग सरकार से की है।

# जैन समाज के 8 दिवसीय बाल युवा शिक्षण शिविर का समापन

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

जैन समाज के 8 दिवसीय जैन बाल युवा शिक्षण शिविर का समापन हुआ, सभी को सम्मानित किया गया द्यप्रतिदिन बच्चे अभिषेक पूजा के साथ कर रहे जैन सिद्धांत के पालन के साथ आध्यात्मिकता के साथ संस्कृति और संस्कारों को आत्म सात कर रहे थे। शिविर प्रभारी मोहित बड़कुल ने बताया समाज के उच्च शिक्षित युवा द्वारा जीवन को सात्विक विचार धारा के साथ सरल रूप में जीने की शैली सिखाई जा रही थी। बाल एवं युवा शिक्षण शिविरमें बच्चों द्वारा अपनी हॉबी के अनुसार कला का प्रदर्शन किया गया । इनमें प्रमुख प. अशोक मांगुलकर, प. रितेश शास्त्री इंदौर



पंडित सौरभ अहमदाबाद पंडित आयुष दिल्ली पंडित मुक्तेश अशोक नगर पंडित आर्जव सिवनी आदि विद्वानों द्वारा दी जा रही हैशिविर में प्रत्येक आयु वर्ग के लोग शामिल थे । मुख्य उद्देश परस्पर सहयोग की भावना के साथ भारत की अमूल्य संपदा संस्कृति संस्कारों की रक्षा करना है। इस अवसर पर मुमुक्षु मंडल के अध्यक्ष अशोक जैन मंत्री देवेंद्र बड़कुल राजीव मोदी अनुभव जैन आशुतोष जैन संजीव मोदी अक्षय बड़कुल अचीत सोगानी मुस्कान सोगानी अंतरा भारिल सहित अनेक युवा सहयोग रहा।

# सरदार पटेल का योगदान सदा याद रखा जाएगा-आलोक शर्मा

### सांसद ने यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भारतीय जनता पार्टी के भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने गुरूवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भोपाल-सीहोर लोकसभा की यूनिटी मार्च पदयात्रा के समापन अवसर पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीहोर के शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान (भोपाल नाका) से शुरू हुई। इसके पूर्व सांसद आलोक शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया।

पदयात्रा में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। पदयात्रा में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीताराम यादव, भाजपा नेता सन्नी महाजन, राजकुमार गुप्ता, सुदीप प्रजापति सहित कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा शक्ति शामिल रहे।

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं। उनके इस महान योगदान को देश में सदा याद रखा जाएगा। सांसद शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को देश में विलय कराया।

## एक अनोखे महाराज, एक अनोखी राम कथा

# जहाँ श्रद्धालुओं को भेंट किए जाते हैं 'राम पत्थर'

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

आज के समय में जहाँ अधिकांश धार्मिक आयोजनों में केवल प्रवचन और भजन तक ही सीमित अनुभव मिलता है, वहीं प्रतिकेश्वर जी महाराज की राम कथा एक अनोखी पहचान बना रही है। उनकी कथा में श्रद्धालुओं को केवल रामकथा सुनने का अवसर ही नहीं मिलता, बल्कि उन्हें एक विशेष 'राम पत्थर' भी प्रदान किया जाता है, जिस पर 'राम' नाम अंकित होता है।

महाराज जी का मानना है कि रामकथा केवल सुनने की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का माध्यम है। इसी उद्देश्य से कथा के दौरान श्रद्धालुओं को राम नाम अंकित पत्थर दिया जाता है, ताकि वे अपने घर में प्रतिदिन भगवान श्रीराम का स्मरण कर सकें।

**राम पत्थर का आध्यात्मिक महत्व:** सनातन परंपरा में 'राम' नाम को स्वयं भगवान के स्वरूप के समान माना गया है। रामायण में वर्णन मिलता है कि भगवान श्रीराम की सेना द्वारा समुद्र पर बनाए गए सेतु के निर्माण में पत्थरों पर राम नाम लिखने से वे जल पर तैरने लगे।

**प्रतिकेश्वर जी महाराज कहते हैं–** पत्थर केवल पत्थर नहीं है, यह आपके और भगवान श्रीराम के बीच एक प्रतिज्ञा है। जिस दिन राम नाम जीवन से हट जाता है, उसी दिन मनुष्य भीतर से खाली होने लगता है।

राम पत्थर श्रद्धालुओं को यह संदेश देता है कि चाहे जीवन में कितनी भी कठिनाइयाँ आएँ, यदि राम नाम का सहारा बना रहे तो व्यक्ति कभी अकेला नहीं होता।

**राम पत्थर का वैज्ञानिक दृष्टिकोण:** वैज्ञानिक रूप से देखा जाए तो कोई भी प्रतीक या धार्मिक चिह्न व्यक्ति के मनोविज्ञान पर गहरा प्रभाव डालता है।



जब कोई व्यक्ति प्रतिदिन अपने घर में रखे राम पत्थर को देखता है, उस पर लिखे राम नाम का स्मरण करता है, तो उसका मन सकारात्मक विचारों की ओर केंद्रित होता है। मनोवैज्ञानिक इसे 'विजुअल एंकरिंग' (Visual Anchoring) कहते हैं।

**यह प्रक्रिया व्यक्ति को–** तनाव कम करने में सहायता करती है। नकारात्मक विचारों को नियंत्रित करती है। आत्मविश्वास बढ़ाती है। आध्यात्मिक अनुशासन विकसित करती है। दैनिक जीवन में संयम और धैर्य लाती है।

अर्थात राम पत्थर केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सकारात्मक मानसिकता का एक साधन भी बन जाता है।

**राम नाम मिटे तो फिर लिखिए:** राम पत्थर की सबसे अनोखी विशेषता यह है कि समय के साथ उस पर लिखा हुआ 'राम' नाम धीरे-धीरे हल्का पड़ सकता है या मिट सकता है। लेकिन प्रतिकेश्वर जी महाराज इसे एक गहरा आध्यात्मिक संदेश मानते हैं।

**वे कहते हैं–** 'यदि राम नाम मिट जाए तो उसे दोबारा लिखो। फिर मिटे तो फिर लिखो। जब तक जीवन है तब तक राम नाम लिखते रहो। क्योंकि मनुष्य भी बार-बार भटकता है और बार-बार राम की ओर लौटता है।'

महाराज जी के अनुसार राम नाम को पुनः लिखने की प्रक्रिया स्वयं में एक साधना है। यह व्यक्ति को याद दिलाती है कि जैसे पत्थर पर राम नाम बार-बार लिखना पड़ता है, वैसे ही जीवन में भी बार-बार स्वयं को धर्म, सत्य और सदाचार की ओर लौटाना पड़ता है।

**श्रद्धालुओं के अनुभव**

**राजेश शर्मा (भोपाल)**

'राम पत्थर को घर लाने के बाद मैंने प्रतिदिन राम नाम लिखना शुरू किया। पहले मन बहुत अशांत रहता था, लेकिन अब मानसिक शांति का अनुभव होता है।'

**श्रीमती सुनीता अग्रवाल (इंदौर)**

'घर में अक्सर तनाव का वातावरण रहता था। राम पत्थर स्थापित करने और परिवार के साथ राम नाम लिखने की आदत बनने के बाद वातावरण में सकारात्मक बदलाव आया।'

**विनोद जैन (विदिशा)**

'मैं व्यवसाय में लगातार परेशानियों का सामना कर रहा था। महाराज जी से प्रेरणा लेकर राम नाम का स्मरण शुरू किया। सबसे बड़ा परिवर्तन मेरे आत्मविश्वास में आया।'

**श्रीमती रेखा दुबे (सीहोर)**

'राम पत्थर मेरे लिए केवल एक स्मृति नहीं, बल्कि दैनिक पूजा का हिस्सा बन गया है। अब दिन की शुरुआत राम नाम से होती है।'

**संदीप अग्रवाल (ग्वालियर)**

पहले कथा सुनकर घर लौट आते थे और कुछ दिनों बाद सब भूल जाते थे। लेकिन राम पत्थर हर दिन मुझे कथा का संदेश याद दिलाता है।

**क्यों बन रही है यह राम कथा विशेष?:** प्रतिकेश्वर जी महाराज की कथा केवल सुनने तक सीमित नहीं रहती। यहाँ श्रद्धालुओं को एक ऐसा प्रतीक मिलता है जो कथा समाप्त होने के बाद भी उनके जीवन में राम नाम की ज्योति जलाए रखता है।

जहाँ अन्य स्थानों पर लोग कथा की स्मृतियाँ लेकर लौटते हैं, वहीं यहाँ लोग अपने साथ राम नाम का संकल्प लेकर जाते हैं।

शायद यही कारण है कि आज अनेक श्रद्धालु इस राम कथा को केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन परिवर्तन का माध्यम मानने लगे हैं।

**निष्कर्ष:** राम पत्थर कोई चमत्कारिक वस्तु नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अभ्यास है। यह हमें प्रतिदिन याद दिलाता है कि जीवन की हर परिस्थिति में भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा और नाम का स्मरण करते रहना चाहिए।

**प्रतिकेश्वर जी महाराज का संदेश सरल है–** 'राम नाम मिटे तो उसे फिर लिखो, क्योंकि जीवन में सबसे बड़ी साधना बार-बार भगवान की ओर लौटना है।'

और शायद इसी संदेश के कारण उनकी राम कथा आज हजारों श्रद्धालुओं के हृदय में एक विशेष स्थान बना रही है।

**प्रतिकेश्वर जी महाराज की राम कथा:** केवल कथा नहीं, राम नाम को जीवन में उतारने का एक अभियान।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर, 6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195, आर.एन.आई.नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल। मोबाईल नं. 9827054436 ।